# बी0 ए0 प्रथम वर्ष

# हिन्दी साहित्य (प्रथम प्रश्न पत्र)

## लघुउत्तरीय प्रश्नः–

1. भाषा का शाब्दिक अर्थ बताते हुए उसकी परिभाषा दीजिए।
2. संचार भाषा और सम्पर्क भाषा पर विचार व्यक्त कीजिए।
3. भक्ति काल की प्रमुख प्रवृत्तियो का उल्लेख कीजिए।
4. छायावाद चतुष्टय के कवियो और उनकी प्रमुख रचना का नाम लिखिए।
5. हिन्दी के शब्द भण्डार पर संक्षिप्त प्रकाश डालिए।
6. तत्सम और आगत शब्द किसे कहते है।
7. ज्ञानाश्रयी शाखा के मूर्धन्य कवियो एवं उनकी एवं उनकी प्रसिद्ध रचनाओ का उल्लेख कीजिए।
8. रीतिकाल की प्रमुख प्रवृत्तियो का उल्लेख कीजिए।
9. आचार्य रामचन्द्र शुक्ल द्वारा हिन्दी साहित्य का इतिहास में किये गये काल विभा का उल्लेख कीजिए।
10. देवनागरी लिपि की पाँच विशेषताएँ बताइए।
11. रस की परिभाषा देते हुए उसके भेद सोदाहरण बताइये।
12. चौपाई और सोरठा छन्द का लक्षण उदाहरण सहित बताइए।
13. विभावना और विसंगति अलंकार को उदाहरण सहित पारिभाषित कीजिए।
14. निबन्ध अथवा कीानी में से किन्ही एक पर अपने द्वारा पढे गये निबन्ध व कहानी की सार संक्षे में लिखिए।
15. जयशंकर प्रसाद के नाटको की विशेषता बताते हुए ध्रुवस्वामिनी की मूल समस्या का उल्लेख कीजिए।

## दीर्घउत्तरीय प्रश्न :–

1. राष्ट्रीय भावना के आधार पर जयशंकर प्रसार के नाटको का उल्लेख सविस्तार कीजिए।
2. नयी कविता की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि बताते अूए उसकी प्रवृत्तियो का उल्लेख कीजिए।
3. सिद्ध कीजिये कि डॉ. राम कुमार वर्मा हिंदी एकांकी के जनक है।
4. हिन्दी उपन्यास की विकास यात्रा पर सारगर्भित निबन्ध लिखिए।
5. भारतेन्दु युगीन हिन्दी गद्य की सविस्तार समीक्षा कीजिए।

# बी0 ए0 प्रथम वर्ष

# हिन्दी साहित्य (द्वितीय प्रश्न पत्र)

## लघुउत्तरीय प्रश्न :–

1. सूर के भ्रमण गीत की चार विशेषताएँ लिखिए।
2. पाठ्य पुस्तक मेंसंकलित बिहारी के दो मुक्तक लिखिये।
3. जायसी के प्रबंध कौशल की चार विशेषताएँ लिखिए।
4. सूफी काव्यधारा की चार काव्यगत विशेषतायें बताइये।
5. धनानन्द की चार भाषागत विशेषतायें बताइये।
6. म्हाराज जयसिंह ने किस दोहे पर बिहारी को विशेष तौर पर पुरस्कृत किया था? और क्यों?
7. बिहारी के दो नीतिपरक दोहे लिखिये।
8. भक्तिकालीन ज्ञानाश्रयी शाखा के आधार पर माया की दो विशेषतायें बताइये।
9. कबीर के पद पाहन पूजै हरि मिलै तो मै पुजू पहार का आशय संक्षेप में स्पष्ट कीजिए।
10. सगुण और निर्गुण भक्तिशाखा में निहित चार भिन्नताएं बताइए।
11. जायसी के रहस्यवाद और कबीर के रहस्यवाद की दो समानताएं बताइए।
12. "अष्टछाप" के चार कवियों के नाम बताइए।
13. टादिकालीन नाथपंथ का प्रभाव भक्तिकालीन किस धारा पर पडा? इस धारा के दो संतो ंके नाम लिखिए।
14. भ्रमरगीत परम्परा में भ्रमरगीत का प्रसंग तुलसीदास की किस रचना में आया है?
15. रीतिकालीन चार रीतिमुक्त कवियों के नाम लिखिए।

## दीर्घउत्तरीय प्रश्न :–

1. सूरदास जी में जितनी सहृदयता और भावुकता है प्रायः उतनी ही चतुरता और वाग्वैदग्ध्यता भी है।" इस कथन की विवेचना सोदाहरण कीजिए।
2. तुलसीदास की भक्ति भावना पर अपने विचार प्रकट कीजिए।
3. "कबीर वाणी के डिक्टेटर थे।" इस कथन की सोदाहरण विवेचना कीजिए।
4. धनानन्द को "प्रेम की पीर" का कवि क्यों माना जाता है।

# बी0ए0 तृतीय वर्ष
## विषय–हिन्दी साहित्य (प्रथम प्रश्न पत्र)

### लघुउत्तरीय प्रश्न :–

1. रानी का अंग्रजों से युद्ध क्यों हुआ और अंग्रेज अधिकारी डनलप को किसने गोली मारी?
2. हल्कू कौन था? उसके निष्ठुर जमींदार का नाम बताइए।
3. राधा के पिता एवं पति का नाम बताइए तथा व्रतभंग के कहानीकार कौन हैं?
4. गंगाधर राव के दरबार में रहने वाली दो अभिनेत्रियों के नाम लिखिए।
5. तात्या का नाम "तात्या टोपे" कैसे पडा?
6. "झॉसी की रानी" उपन्यास की ऐतिहासिकता पर प्रकाश डालिए।
7. "पूस की रात" कहानी के आधार पर हल्कू के चरित्र पर प्रकाश डालिए।
8. "यह व्रतभंग नहीं व्रत का आरम्भ है।" इस कथन के आलोक में कहानी का मूल्यांकन कीजिए।
9. "मुगलों ने सल्तनत बख्श दी" कहानी का उद्‌देश्य क्या है?
10. जैनेन्द्र द्वारा लिखित पाजेब कहानी के प्रमुख पात्र का चरित्र चित्रण कीजिए।

### दीर्घ उत्तरीय प्रश्न :–

1. "झॉसी की रानी" के आधार पर महारानी लक्ष्मीबाई की चरित्रगत विशेषताएं लिखिए।
2. झॉसी की रानी उपन्यास को दृष्टिगत रखते हुए ऐतिहासिक उपन्यास के शैली–शिल्प पर प्रकाश डालिए।
3. प्रेमचन्द्र की कहानियॉ समाज के दर्द को समय से पूर्व रेखांकित करती हैं। कथन पर विचार व्यक्त कीजिए।
4. विषय वस्तु की दृष्टि से ठेस कहानी का सारांश लिखिए।

# बी0ए0 तृतीय वर्ष
## विषय–हिन्दी साहित्य (द्वितीय प्रश्न पत्र)

**लघुउत्तरीय प्रश्न :–**

1. "बुन्देली भाषा में लोक जीवन की मिठास है।" स्पष्ट कीजिए।
2. "ईसुरी न होते तो रजऊ न होती, रजऊ न होती तो ईसुरी न होते।" इस कथन की संक्षेप में पुष्टि कीजिए।
3. आल्हखण्ड लोक जीवन में रच–बस गयां स्पष्ट कीजिये।
4. जगनिक को जनकवि क्यो कहा जाता हैं? स्पष्ट कीजिये ।
5. शिवानन्द मिश्र बुन्देला के काव्य मे निहित व्यंग्य–वैभव पर प्रकाश डालिये।
6. दुर्गेश दीक्षित ने वीर और करूण रस को अपनाकर भावपूर्ण रचनाएँ लिखी हैं। सिद्व कीजिए।
7. "जगदीश सहाय खरे जलज राष्ट्रीय समस्याओ के कवि हैं। इस कथन के औचित्य पर सोदाहरण प्रकाश डालिये ।
8. सन्तोष सिंह बुन्देला की रचनाओ मे लोक संस्कृति का विवेचना कीजिये
9. "रतिभानु कंज का काव्य ग्रमीण अंचल का दर्पण हैं। संक्षेप मे लिखिये ।
10. "राम चरण हयारण मित्र का काव्य बहुआयामी हैं। संक्षेप मे लिखिये ।
11. गंगाधर व्यास के व्यक्तिव्य–कृतित्व का परिचय दीजिये।
12. बुन्देली काव्य मे अभिव्यक्ति युगीन चेतना पर प्रकाश डालिये ।
13. कविवर अवधेश किशोर श्रीवास्तव  अवधेश की रस योजना पर प्रकाश डालिये।
    (ख ) लगे नॉन सी जिंदगानी बातें फीकी गाजर सी
    ऊँसई सी जा लगन दुनिया जूठी पातर सी
14. पाठ्य पुस्तक मे वर्णित किसी कवि की चार पंक्तियाँ लिखिये जो इस प्रश्न पत्र मे हो।
15. जग में सुख के साथी सब ही, दुःख में विरले होत सहाय' पंक्ति का भावार्थ स्पष्ट कीजिये।

**दीर्घ उत्तरीय प्रश्न :–**

1. ''ईसुरी प्रणय–भावों के चितेरे थे।'' इस कथन का सोदाहरण विवेचन कीजिये।
2. बुन्देली भाषा के इतिहास पर प्रकाश डालिये।
3. निम्नलिखित में से किसी एक की ससंदर्भ व्याख्या कीजिये।
4. मधुकर प्रीत न होत पुरानी, उत्तम मन की जानी।
   पथरी आग तजत है नइयॉ, रहै जुगन भर पानी
   जैसे फूल गुलाब पखरिया, सकु अधिक बसानी
   'ईसुर' कात प्रीत उत्तम की निबहै भर जिन्दगानी।।

# बी0ए0 तृतीय वर्ष

## विषय–हिन्दी साहित्य (तृतीय प्रश्न पत्र)

**लघुउत्तरीय प्रश्न :–**

1. शब्द संरचना के बारे में संक्षेप में बताइये।
2. हिन्दी वाक्य रचना के नियम क्या है ?
3. व्यावसायिक पत्र का उदाहरण प्रस्तुत कीजिये।
4. पल्लवन किसे कहते हैं ?
5. कार्यालय ज्ञापन को संक्षेप में समझाइए।
6. अनुवाद की परिभाषा बताइए।
7. काव्यानुवाद पर संक्षिप्त प्रकाश डालिए।
8. संचार माध्यम को संक्षेप में बताइये।
9. रेडियो की लोकप्रियता पर लघु टिप्पणी लिखए।
10. प्रेस विज्ञप्ति किसे कहते हैं ?
11. फीचर लेखन कितने प्रकार के होते हैं ?
12. फीचर लेखन कितने प्रकार के होते हैं ?
13. चार लोकप्रिय समाचार पत्रों का उल्लेख कीजिये।
14. वीडियो पत्रकारिता क्या है ?
15. इंटरनेट पत्रकारिता से आप क्या समझते हैं ?

**दीर्घ उत्तरीय प्रश्न :–**

1. जन संचार पर एक निबन्ध लिखिये।
2. अनुवाद के स्वरूप और प्रक्रिया पर प्रकाश डालिये।
3. पल्लवन को सविस्तार समझाइये।
4. भारत में रेडियो कार्यक्रमों की उपयोगिता पर विस्तृत प्रकाश डालिये।